मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-545**
**04/12/2022**

# मुख्यमंत्री ने सेन डॉयग्नोस्टिक के निदेशक डॉ0 संदीप सेन के निधन पर गहरी शोक संवदेना व्यक्त की

पटना, 04 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सेन डॉयग्नोस्टिक के निदेशक एवं प्रख्यात पैथोलॉजिस्ट डॉ0 संदीप सेन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि डॉ0 संदीप सेन एक प्रख्यात पैथोलॉजिस्ट थे और वे सेन डॉयग्नोस्टिक के संस्थापक स्व0 डॉ0 दिलीप सेन के पुत्र थे। डॉ0 संदीप सेन ने सेन डॉयग्नोस्टिक को आसमान की ऊंचाईयों तक पहुॅचाया। डॉ0 संदीप सेन द्वारा जो काम किया गया है, वह चिकित्सा के क्षेत्र में आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सेन डॉयग्नोस्टिक की इतनी ख्याति है कि इस संस्थान के द्वारा किया गया टेस्ट अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अस्पताल और चिकित्सक बेहिचक मानते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ0 संदीप सेन ने चिकित्सा के क्षेत्र में जो काम किया है, वह बिहार और देश के लिए गौरव की बात है। उनका निधन चिकित्सकीय क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******